# घर पर आपकी बिल्ली की क्या जरूरतें हैं

RSPCA New South Wales



हमारे पास वे सब चीजें हैं जो हमें खुश और सेहतमंद बनाए रखने के लिए जरूरी हैं, वे चीजें जो हमें सुरक्षित महसूस करने के लिए चाहिए, वे काम जो हम ऊबने से बचने में मदद के लिए कर सकें, और जिन्हें हम प्यार करते हैं उनसे जुड़ाव में मदद देने वाली चीजें। यही जरूरतें आपकी बिल्ली की भी हैं। आपकी बिल्ली घर पर रहकर अपनी बेहतरीन जिन्दगी जी सके उसके लिए आप अपनी बिल्ली को वे सभी चीजें उपलब्ध करा रहे हैं जो उसे चाहिए, यह सुनिश्चित करने में सहायता के लिए इन बिंदुओं का पालन करें।

## बुनियादी बातें

- ☑ **भोजन।** अपनी बिल्ली को निरंतर अंतराल पर भोजन की थोड़ी-थोड़ी मात्रा दें जिसमें विभिन्न बनावट और स्वाद वाले भोजन शामिल हों। आप उसे बार-बार एक ही प्रकार की ऊब पैदा करने वाली कटोरी पेश न करें – बल्कि अपने बिल्ली को अपना दिमाग और अपने शिकार-कौशल का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करें। इधर-उधर फैलाकर रखे गए भोजन, फूड टॉयज या पज़ल्स का प्रयोग करें।
- ☑ **पानी।** विभिन्न कटोरियों का प्रयोग करें और अलग-अलग जगहों पर पानी रखें और अपनी बिल्ली को उनमें से अपनी पसन्द का चुनने दें। यह ध्यान रखें कि भोजन और पानी शौच वाली जगहों से दूर रहें। जगह की कमी है? जरूरी नहीं कि भोजन और पानी के स्थान जमीन पर ही हों – चाहें तो आलमारी, टेबल, बेंच को आजमा कर देखें।
- ☑ **नोंचने के खंभे (स्क्रैचिंग पोस्ट्स)।** अपनी बिल्ली को नोंचने-खरोंचने के लिए कोई सतह उपलब्ध कराएं और नहीं तो वे खुद खोज लेंगी! आपकी बिल्ली अपने प्राकृतिक स्वभाव को प्रकट कर सके, अपने चंगुलों को स्वस्थ रख सकें और घर पर अपने मन को खुश रखने वाली सुगन्ध छोड़ सकें इसके लिए विभिन्न प्रकार की सतहों वाले समानांतर या लम्बवत स्क्रैचिंग पोस्ट्स का होना जरूरी है।
- ☑ **शौच स्थान।** ठीक हम लोगों की तरह, बिल्लियां भी चाहती हैं कि उनका शौच-स्थान साफ-सुथरा, शांत और निजी जैसा हो। एक बिल्ली के दो 'लिटर ट्रेज़' (कूड़ा पात्रों) की जरूरत होती है जो इतने बड़े हों कि वे मुड़ सकें और बैठ सकें। हर अतिरिक्त बिल्ली के लिए, दूसरा ट्रे शामिल करें। इन पात्रों को सुगम एवं शांत स्थानों पर डाल दें। बिल्लियों को खोदने की जरूरत पड़ती है, इसलिए उन्हें अपना काम करने के लिए पर्याप्त कचरा दें।
- ☑ **आराम करने के स्थान।** उनके लिए नरम बिछावन वाले आराम के स्थान तैयार करें, बेहतर होगा कि वे जमीन से ऊपर हों। इसके लिए वे वाकई आपको काफी पसन्द करेंगी।

**अपनी बिल्ली को विकल्प प्रदान करें।** अपनी बिल्ली को कम से कम दो आराम के स्थानों, दो भोजन क्षेत्रों और दो शौच स्थानों में से चयन करने दें।

**चीजों को फैला दें।** इन बुनियादी चीजों को अलग-अलग स्थानों पर रखें ताकि आपकी बिल्ली सभी उपलब्ध स्थानों का उपयोग कर सके।

यह प्रोजेक्ट NSW गवर्नमेंट के इन्वायरनमेंटल ट्रस्ट (Environmental Trust) के माध्यम से सहायता-प्राप्त है।

# सुरक्षित और रुचिपूर्ण वातावरण



- **ऊंचे स्थान।** बिल्लियां जन्म से ही ऊंचे स्थानों पर चढ़ने के लिए बनी हैं, इसलिए उन्हें ऊंचे स्थानों तक पहुंच चाहिए, जैसे: खिड़की की चौखट, अलमारी (शेल्फ), और फर्नीचर के ऊपर।
- **छिपने के स्थान।** बिल्लियों को सोने और आराम करने के लिए शांत, निजी और बंद क्षेत्रों की जरूरत होती है। बक्से, अलमारी, कबर्ड, बेड के नीचे या ओपन कैट कैरियर उनके लिए छिपने के बेहतरीन स्थान हैं।
- **संवेदी वातावरण।** देखने, सुनने, छूने, सूंघने और स्वाद के लिए विभिन्न वस्तुएं जीवन को ज्यादा मजेदार बनाती हैं। बिल्लियों के लिए सुरक्षित पौधों, चूं-चूं या खटखट की आवाज करने वाले खिलौनों, सुरक्षित खिड़की के पीछे से नजारा – इन बातों को ध्यान में रखें। लेकिन यह भी ध्यान रखें कि घरेलू एहसास के लिए बिल्लियों को अपनी गंध की निशानी से घिरा रहना जरूरी है। इसलिए साफ-सफाई के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली बहुत तेज गंध वाली बाहरी सुगन्ध के उपयोग से बचें ताकि वे बिल्ली की अपनी गंध की अनुभूति से हस्तक्षेप न करें।
- **वैकल्पिक आउटडोर्स।** कुछ बिल्लियों को आउटडोर्स यानी बाहर की दुनिया की सुरक्षित पहुंच रोचक लगती है, जैसे हार्नेस पर चलना, सुरक्षित आउटडोर एनक्लोज़र में समय बिताना, या एस्केप-प्रूफ (भागने से रोकने वाली) बैकयार्ड में पर्यवेक्षित धमाचौकड़ी मचाना।

# परिवार के साथ समय

बिल्लियों के लिए थोड़ी देर के लिए नियमित रूप से लोगों के साथ सौम्यतापूर्ण व्यवहार से लाभ होता है। अलग-अलग बिल्लियों की अलग-अलग पसन्द होती है। कुछ बिल्लियां अपने एक ही कमरे में रहना पसन्द करेंगी, दूसरी बिल्लियों को बातचीत या थपथपाहट, प्रशिक्षण सत्र, या ब्रश किया जाना पसन्द है। अपनी बिल्ली को अपने प्रकार का व्यवहार चुनने और आरंभ और नियंत्रित करने दीजिए, और हमेशा उनसे सहमति ले लीजिए ताकि आपकी बिल्ली आप पर भरोसा कर सके।

## सहमति जांच



**चरण 1**: जबतक आपकी बिल्ली स्वयं आपके पास न आए, इंतजार कीजिए।

**चरण 1**: अपना हाथ दें और इंतजार करें।

यदि आपकी बिल्ली पास आती है, सूंघती है, आपको छूती है तो कुछ सेकेंड के लिए थोड़ा थपथपाइए या खुजलाइए। चरण 2 में लौटिए और फिर से वही दोहराइए।

यदि वे स्थिर रहें या चली जाएं तो आप रुक जाएं। उन्हें थोड़ा मौका दें। दूसरी बार फिर प्रयास करें।

खेल किसी भी उम्र की बिल्ली के लिए फायदेमंद है:

- **उसे चलते-फिरते रखिए।** अपनी बिल्ली को चलते-फिरते खिलौनों या खाने योग्य वस्तुओं से खेलने दीजिए और इस प्रकार उसे एक 'शिकारी जैसे अनुभव' से गुजरने दीजिए। उसे पीछे-पीछे दौड़ने, खदेड़ने, झपट्टा मारने, पकड़ने का सम्पूर्ण चक्र पूरा करने दीजिए। जब आप व्यस्त भी होते हैं, तब भी आप हमेशा खेलने के लिए समय निकाल सकते हैं क्योंकि बिल्लियाँ आमतौर पर छोटे सत्र (एक समय में 5-10 मिनट) पसंद करती हैं।
- **मिला-जुला कर रखिए।** अपनी बिल्ली के पसंदीदा खिलौनों को घुमा-फिराकर रखिए – वे खिलौने जिनके साथ वे पंजों से खेल या चबा सकती हों या किसी छड़ी पर कूद-फांद सकती हों, गेंद जिनका वे पीछा कर सकें और मुलायम खिलौने जिन्हें वे कुतर सकें।